## खबर संक्षेप



### बड़वारा थाना में शांति समिति की हुई बैठक

**बड़वारा।** थाना परिसर में सोमवार को होने वाले ईदुलजुहा के त्यौहार को लेकर थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी, बड़वारा नायब तहसीलदार इसारखांन की अध्यक्षता में गणमान्य जनों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया। इस मौके पर गांव के गणमान्य लोगों शांति व सौहार्द बनाये रखने हेतु चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने सभी त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि गांव का माहौल खराब करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हर समय आपकी सेवा सहयोग में सजग एवम तत्पर रहती है। इस दौरान नायब तहसील दार इसार खान,बड़वारा बीएमओ डॉ अनिल झामनानी, जनपद सदस्य सुनील सिंह बघेल, राणा सिंह, हाफिज मोहम्मद जमील अख्तर, मोहम्मद अमीन, शान मोहम्मद एवम आस पास के ग्रामीण क्षेत्रो से आये जनप्रतिनिधियों व गणमान्य जनों तथा मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

### हार्ट अटैक से प्रधान आरक्षक की हुई मौत

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाने में पदस्थ एक आरक्षक की शुक्रवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने आरक्षक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि मूलरुप से जबलपुर निवासी राजा साहू (35) स्लीमनाबाद थाने में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे और वर्तमान में झिंझरी पुलिस लाइन में पुलिस सरकारी क्वाटर में रहते थे। शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे अचानक अटैक आने के बाद राजा साहू को चांडक हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत का मुख्य कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। पुलिस ने सूचना पर मृतक के शव को अपने में कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच शुरु कर दी गई है।

### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने वर्षा ऋतु में मछलियों के वंश वृद्धि प्रजननकाल को दृष्टिगत रखते हुए उन्हे संरक्षण देने हेतु सभी प्रकार के जल संसाधनों में मध्यप्रदेश नदी मतस्योद्योग नियम 1972 की धारा 3 (2) के तहत जिले में 16 जून 2024 से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि के लिए बंद ऋतु के रूप में घोषित किया है। इस अवधि में सभी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय-विक्रय एवं मत्स्य विनिमय एवं परिवहन पर प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश के उल्लंघन करने पर मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत एक वर्ष का करावास या 5 हजार रूपए का जुर्माना अथवा दोनों प्रकार के दण्ड दिए जाने का प्रावधान है।

### कलेक्टर द्वारा प्रसव के रेफरल मामलों की समीक्षा के दौरान पता चली लापरवाही

# हिदायत के बाद भी कोताही, दो बीएमओ को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले मे मातृ मृत्यु दर को कम करने हेतु सतत प्रयासरत कलेक्टर अवि प्रसाद प्रसव के रेफरल मामलों की नियमित समीक्षा करते है। इसी समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद और सिविल अस्पताल विजयराघवगढ के खंड चिकित्सा अधिकारियों द्वारा गर्भवती महिलाओं के सिजेरियन ऑपरेशन करने और ब्लड चढ़ानें जैसी सुविधायें उनके अस्पतालों मे होने के बाद भी प्रसव के मामलों को रेफर करने को कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए इनके कृत्यों के प्रति नाराजगी व्यक्त की है।

कलेक्टर ने कहा कि मातृ मृत्यु दर कम करने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोहोरीबंद व सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ फर्स्ट रेफरल यूनिट के रूप मे चिन्हित है। बावजूद इसके इस दिशा मे कोताही बरती गई है।

कलेक्टर ने बहोरीबंद के बीएम ओ डॉ आनंद अहिरवार और सिविल अस्पताल विजयराघवगढ के बीएमओ डॉ विनोद कुमार को इनके इस लापरवाही पूर्ण आचरण के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने सीएमएचओ को निर्देशित किया था। इसके बाद बहोरीबंद के डॉक्टर अहिरवार को जारी नोटिस मे कहा गया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद मे ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सुविधा माह जनवरी 2024 से उपलब्ध है। इसके बाद भी जनवरी 2024 से आज तक मात्र 30 यूनिट ब्लड ट्रांसफ्यूजन कराया गया है। जबकि विगत छः माह (जनवरी 2024 से जून 2024) में आपके यहां अनमोल पोर्टल के अनुसार 40 सीवियर एनीमिया के केस रजिस्टर्ड है।

शासन के निर्देशानुसार गर्भवती महिलाओं का ब्लड ट्रांसफ्यूजन निःशुल्क किया जाना है। इस हेतु आपको निर्देशित किया गया था कि समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंप ब्लॉक स्तर पर आयोजित कर ब्लड एकत्रित कर ब्लड बैंक कटनी में जमा करायें। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 09 एवं 25 तारीख को हाईरिस्क गर्भवती की जाँच स्त्रीरोग विशेषज्ञ द्वारा की जाती है। जिसके अंतर्गत चिन्हित सीवियर एनीमिक केस का भी ब्लड ट्रांसफ्यूजन आपकी संस्था में शत प्रतिशत कराया जाना था, जो कि नहीं कराया जा रहा है। इसके लिए कलेक्टर द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई है।

वहीं सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ के बीएमओ डॉ कुमार को जारी नोटिस मे कहा गया है कि यहां ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सुविधा एक माह पूर्व प्रारंभ की गई थी। जिसके अंतर्गत मात्र 04 ब्लड ट्रांसफ्यूजन की रिपोर्ट आपके द्वारा की गई है। जबकि विगत एक माह में आपके यहां अनमोल पोर्टल के अनुसार लगभग 50 सीवियर एनीमिया के केस रजिस्टर्ड है।

शासन के निर्देशानुसार गर्भवती महिलाओं का ब्लड ट्रांसफ्यूजन निःशुल्क किया जाना है। इस हेतु आपको निर्देशित किया गया था कि समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंप ब्लॉक स्तर पर आयोजित कर ब्लड एकत्रित कर ब्लड बैंक कटनी में जमा करायें। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 09 एवं 25 तारीख को हाईरिस्क गर्भवती की जाँच स्त्रीरोग विशेषज्ञ द्वारा की जाती है। जिसके अंतर्गत चिन्हित सीवियर एनीमिक केस का भी ब्लड ट्रांसफ्यूजन आपकी संस्था में शत- प्रतिशत कराया जाना था। जो नहीं कराया जा रहा है।

इसी प्रकार एफआरयू यूनिट क्रियाशील होने हेतु न्यूनतम 5 सीजेरियन प्रतिमाह किया जाना आवश्यक है। इसके लिये ओटी सुविधा समस्त आवश्यक उपकरण के साथ आपकी स्वास्थ्य संस्था में उपलब्ध है। आप स्वयं (एनेस्थेसिस्ट) एवं डॉ. धनेश्वरी सिंह (स्त्रीरोग विशेषज्ञ) विगत लभगग 10 वर्षों से अधिक समय से सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में कार्यरत है इसके बाद भी आपके द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में 19, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 29 एवं 2023-24 में 19 केस कराया गया है। जो कि लक्ष्य के विरूद्ध कम है। 2024-25 में कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के बावजूद भी आपके द्वारा कोई भी सीजेरियन केस विजयराघवगढ़ में नही कराया गया। जिस पर कलेक्टर द्वारा कडी नाराजगी व्यक्त की गई है।

#### तो होगी कार्यवाही

म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उपनियम (1). (2). (3) के तहत पदीय दायित्वों के प्रति अवहेलना और घोर लापरवाही एवं कार्य के प्रति उदासीनता को परिलक्षित होने पर तत्संबंध में अपना स्पष्टीकरण 48 घंटे के अंदर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। स्पष्टीकरण का जवाब समय से प्रस्तुत न करने एवं जवाब संतोषजनक न होने पर आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। जिसके लिये आप स्वयं जवाबदार होंगे।

### कारोपानी आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण आज

**कटनी।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विकासखंड ढीमरखेड़ा के सुरम्य वनांचल स्थित ग्राम कारोपानी मे 18 लाख 22 हजार रूपये की लागत से भव्य और सुंदर आंगनबाड़ी भवन निर्मित किया गया है। इस आंगनबाड़ी भवन और यहां विकसित किये जा रहे पार्क का लोकार्पण शनिवार 15 जून को विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह करेंगे। जनमन की भावना के अनुरूप यह नव निर्मित आंगनबाड़ी भवन प्रकृति की गोद मे स्थित बैगा बाहुल्य गांव कारोपानी मे बना है। इस आंगनबाड़ी केन्द्र को स्वयं कलेक्टर अवि प्रसाद ने गोद लिया हुआ है। यहां 65 बच्चे आंगनबाड़ी केन्द्र मे दर्ज है। कलेक्टर स्वयं कई बार यहां के आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुंचकर बच्चों से मिल चुके है। नवनिर्मित यह आंगनबाड़ी भवन जिले का ही नही बल्कि प्रदेश के आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र भवन के तौर पर तैयार कराया गया है। सबसे खास बात यह है कि इसके निर्माण मे स्थानीय सामग्री और यहां उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों से युक्त सामग्री का उपयोग इसके निर्माण मे किया गया है। साथ ही यहां रहने वाले बैगाओं की संस्कृति, परंपरा और भावनाओं के अनुरूप आंगनबाड़ी भवन के निर्माण में परंपरागत तकनीक का प्रयोग किया गया है।

*कलेक्टर के निर्देश पर जिले में खनिज के अवैध उत्खनन व परिवहन पर की जा रही सख्त कार्यवाही*

## रेत एवं स्टोन डस्ट का अवैध परिवहन करने पर 71504 रूपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप गत दिवस ओव्हर लोड रेत एवं स्टोन डस्ट के अवैध परिवहन के मामले में जप्त किये गए वाहन से 71 हजार 504 रूपये का प्रशमन शुल्क जमा कराया जाकर वाहन मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

#### जांच दौरान पकड़ा था

जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि विगत 30 मई को ग्राम हथेडा मे आकस्मिक जांच के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 21 जेडबी 7385 से अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, महेंद्र सिंह गोंड द्वारा 3 धनमीटर रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जब्त करने की कार्यवाही की जाकर अनावेदकों पर 31 हजार 625 रुपये प्रशमन शुल्क निर्धारित किया गया था। इसी तरह 6 जून को ग्राम चाका मे जांच के दौरान हाईवा वाहन क्रमांक यूपी 95 टी 0863 मे 1.3 घन मीटर ओव्हर लोड रेत का परिवहन पाये जाने पाने पर वाहन जब्ती की कार्यवाही करते हुए अनावेदकों पर 19 हजार 687 रूपये का प्रशमन शुल्क निर्धारित किया गया था।

जबकि एक अन्य मामले मे 10 जून को निरीक्षण के दौरान ग्राम तालगांव मे वाहन क्रमांक सीजी 31 बी 4520 में 1 घन मीटर ओवर लोड स्टोन डस्टर का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जब्त किया जाकर अनावेदक पर 20 हजार 192 रुपये का प्रशमन शुल्क निर्धारित किया गया।

उपरोक्त प्रकरणों पर खनिज विभाग द्वारा मध्यप्रदेश खनिज गौण नियम के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर अनावेदक पर पृथक-पृथक प्रशमन शुल्क की निर्धारित राशि कुल 71 हजार 504 रूपये जमा करनें का सूचना पत्र तीनों अनावेदकों को प्रेषित किया गया। जिस पर अनावेदक द्वारा उपस्थित होकर प्रशमन शुल्क को जमा करने की बात कही जाकर वाहन मुक्त करने का अनुरोध किये जाने पर जिला खनिज अधिकारी द्वारा अनावेदकों पर निर्धारित प्रशमन शुल्क की पृथक-पृथक राशि कुल 71 हजार 504 रुपये चालान के माध्यम से जमा कराया जाकर प्रकरण विधि संगत कार्यवाही हेतु कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

#### जब्त वाहन किये मुक्त

कलेक्टर द्वारा मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 2022 के तहत अनावेदक द्वारा प्रशमन शुल्क की राशि जमा कर दिये जाने पर जब्त खनिज, औजार, मशीनरी एवं अन्य सामग्री निर्मुक्त करनें के प्रावधान के अंतर्गत जब्त वाहन को मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का काउंटडाउन प्रारंभ



राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउंटडाऊन कार्यक्रम का 14 जून-2024 को जागृति पार्क कटनी में योग का आगाज़ किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. ब्रम्हा जसूजा, जिनके द्वारा विगत 25 वर्षो से कटनी जिले के विभिन्न श्रेत्रों में योगाभ्यास निरंतर कराया जा रहा है। इनके द्वारा योग के विषय पर गहन व्याख्यान दिया गया व योगाभ्यास कराया गया। इस योग सत्र में लगभग 200 लोग लाभांवित हुए इस कार्यक्रम में आयुष विभाग कटनी द्वारा सभी लोगों से अपील की गई है, कि शुक्रवार 21 जून-2024 दिन को प्रातः 6.00 बजे से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधव नगर कटनी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जायेगा। लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर इस योग कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की गई है।

## कटनी एवं कैमोर की तर्ज पर अब स्लीमनाबाद व बड़वारा में भी खुलेगी भारत निर्माण कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बड़वारा और स्लीमनाबाद क्षेत्र के युवाओं के सपनों को पंख देने और भविष्य को संवारने हेतु अब जिला प्रशासन, अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन बिरला व्हाइट कंपनी और महाकौशल रिफ्रेक्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड के सहयोग से बड़वारा और स्लीमनाबाद मे भारत निर्माण कोचिंग की जिले की दो और शाखाएं खुलने जा रही है। इन्हे मिलाकर जिले में अब भारत निर्माण कोचिंग की चार शाखाएं हो जाएगीं। कटनी और कैमोर में पूर्व से ही भारत निर्माण कोचिंग की शाखाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां कराई जा रहीं है।

बड़वारा मे जहां अल्ट्राटेक फाउंडेशन ने भारत निर्माण कोचिंग शुरू करने मे रूचि दिखाई है। वहीं स्लीमनाबाद में महाकौशल रिफेक्ट्रीज प्रबंधन ने भारत निर्माण कोचिंग प्रारंभ करने मे दिलचस्पी जाहिर की है। जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए कटनी शहर मे भारत निर्माण कोचिंग शुरू करने के प्रणेता और सूत्रधार कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर बीते साल कैमौर मे भी कोचिंग शुरू हो गई है। भारत निर्माण कोचिंग की कैमोर शाखा के लिए अडानी फाउंडेशन द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

बड़वारा एवं स्लीमनाबाद क्षेत्र के युवाओं में नेतृत्व क्षमता के विकास और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराकर अपनी प्रतिभा का परचम फहराने की दक्षता प्रदान करने के उद्देश्य से अल्ट्राटेक कम्यूनिटी वेलफेयर फाउंडेशन और महाकौशल रिफेक्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड ने कलेक्टर श्री प्रसाद की पहल पर यहां बड़वारा और स्लीमनाबाद में भारत निर्माण कोचिंग की नई शाखा शुरू करने की सहमति प्रदान की है। अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन ने विगत 13 जून को कलेक्टर श्री प्रसाद को कोचिंग शुरू करने संबंधी सहमति पत्र भी सौंप दिया है। पत्र मे अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन ने भारत निर्माण कोचिंग के माध्यम से बड़वारा के युवाओं को शैक्षणिक संसाधन और सुविधायें मुहैया कराकर यहां के छात्रों और युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के अवसर को सुलभ बनाने में मदद का भरोसा दिया है। कटनी व कैमोर की तर्ज पर बड़वारा और स्लीमनाबाद में संचालित होने वाली भारत निर्माण कोचिंग में अत्याधुनिक लायब्रेरी की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

*जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कराये जा रहे कार्य*

## जलस्त्रोतों के संरक्षण के लिए किया जा रहा श्रमदान, ग्रामीणों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत के निर्देशन एवं जल संरक्षण सवर्धन के कार्यो की प्रतिदिन समीक्षा कर सभी जनपदो के मैदानी अमलो करे निर्देश दिये गये कि जल संरक्षण के कार्यो जनपद स्तर/ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारी/कर्मचारी चौपाल लगाकर ग्रामीणो को जल सरंक्षण तथा जल स्त्रोतो के संबंध में ग्रामीणो को जगरूक करे अभियान में ग्रामीणो द्वारा उत्साह के साथ अभियान में अपनी सहभागिता दी जा रही वर्षा पश्चात निश्चिशत ही जल स्त्रोतो में वद्वि होगी।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीणो श्रमदान करते हुए जल संरक्षण संवर्धन के लिए समस्त ग्राम पंचायत में नदी तालाब बावली कुआ जल स्त्रोतो को अधिक से अधिक संरक्षित किया जा सके श्रमदान के माध्यम से सफाई कर गांव को स्वच्छ बनाने के लिए सभी ग्रामवासी एकत्रित होकर संकल्प भी लिया गया ग्राम पंचायत पथवारी पटी हार सिमरा नाला, अर्जुन तलाब ग्राम समिति द्वारा जनसहयोग के माध्यंम से श्रमदान देकर कार्य किया गया जनपद पंचायत ढीमरखेडा के ग्राम पंचायत गोपालपुर के बडे तालाब सुंतरा में जनसहयोग श्रमदान करते हुये ग्राम की महिलाओ ने दीपदान किया गया । जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत सरसवाही में रैन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य किया गया ग्राम पंचायत जमुनिया मे स्वयंसेवी एवं समाजसेवको ने श्रमदान करते हुए बिहर वाले हनुमान जी के पास स्थित तालाब की सफाई एवं धाट गहरीकरण का कार्य किया।

नवाकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी परामर्शदात्रा श्री शरद यादव द्वारा ग्रामीणो को जल संरक्षण तथा बरसात के पानी को धरती पर पुनः पहुचाने पानी के महत्व बताते हुए जागरूक किया ।

जनपद पंचायत बहोरीबन्द ग्राम पंचायत बाकल में नाला धाट में सफाई नाला बधांन व गहरीकरण साथ ही नदी के पास हनुमान धाट शांति धाट में साफ सफाई की गई जिसमें ग्राम के श्रमिको व आमजनो द्वारा श्रमदान किया गया सभी ग्रामवासियों ने जल संरक्षण की शपथ ली ।

### जन सहयोग से आयोजित की जा रहीं विभिन्न गतिविधियां

## वाटर हार्वेस्टिंग से दिया जल संरक्षण का संदेश, चेकडैम का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन मे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कटनी जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में पुराने जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य जन सहयोग से किया जा रहा है।

इसी परिप्रेक्ष्य मे आज ग्राम पथवारी पटीहार स्थित सिमरा नाला अर्जुन तालाब के ऊपर ग्राम विकास समिति पथवारी के सहयोग से ग्राम सरपंच पति अमर राज सिंह के मार्गदर्शन एवं मानव जीवन विकास समिति बिजोरी के सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा उक्त नाले श्रमदान कर शासन द्वारा चलाई जा रही जल संवर्धन साप्ताहिक अभियान के तहत पत्थरों द्वारा चेक डैम का निर्माण किया गया। जिसमें जन अभियान परिषद की मेंटर धनीराम कुशवाहा हर भगत सिंह बबीता सिंह अर्चना महोबिया एवं नंदिनी भाटिया की उपस्थिति में उक्त कार्य सम्पन्न कराया गया इस दौरान



गुलशन सिंह, फग्गू लाल केवट, राम सखा पाल एवं रमेश साहू सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

#### जल संरक्षण की दिलाई गई शपथ

वहीं ग्राम पंचायत बाकल में ग्राम के श्रमिकों व आम जनों द्वारा श्रमदान किया जाकर सभी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नाला व घाट में सफाई कार्य किया गया इस दौरान नाला बंधान व गहरीकरण कार्य किया गया साथ ही नदी के पास हनुमान घाट वह नदी के पास शांति धाम घाट में साफ सफाई की जाकर उपस्थित जनों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

#### कटंगी कला में तालाब की सफाई

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शुक्रवार को जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत कटंगी कला मे जन सहयोग से श्रमदान कर तालाब घाट की साफ सफाई का कार्य कराया गया। इस दौरान सरपंच सचिव ग्राम रोजगार सहायक एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत सरसवाही रैन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य किया गया इस दौरान उपस्थित जनों को वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से वर्षा जल को भूमि तक पहुंचाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाकर वर्षा जल संरक्षण के प्रयास किये गए।

#### जल संरक्षण पर परिचर्चा आयोजित

वर्षा जल को जल स्त्रोतों की साफ - सफाई एवं की जाकर वर्षा जल को किस प्रकार अधिक से अधिक संग्रहित कर सकते है इस विषय पर जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत कछवां देवरी में जल संरक्षण पर आधारित परिचर्चा का आयोजन किया गया।

## अजय मेडिकल स्टोर को प्रदत्त लाइसेंस निलंबित, क्रय विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम का उल्लंघन पाए जाने पर जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब निर्धारित समय पर नहीं देने पर औषधि अनुज्ञप्ति प्राधिकारी मनीषा धुर्वे ने जीवन ज्योति हास्पिटल के अजय मेडिकल स्टोर को प्रदत्त औषधि अनुज्ञप्ति दो दिवस के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी है। निलंबन अवधि मे मेडिकल स्टोर पूर्णतः बंद रखने एवं औषधियों का क्रय- विक्रय पूर्णतः बंद रखने हेतु निर्देशित किया गया है। औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मनीषा धुर्वे ने बताया कि कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के निर्देशानुसार जिले में स्थित मेडिकल स्टोर के संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों को संज्ञान में लेकर जांच की जा रही है। इसी तारतम्य में जीवन ज्योति हॉस्पिटल, माधवनगर गेट के सामने स्थित अजय मेडिकल स्टोर के संबंध मे 16 मई 2024 को श्रीमती सुजाता बाई, सरपंच ग्राम पंचायत गुलवारा द्वारा ग्राम गुलवारा निवासी नंदलाल बर्मन जो हार्ट के मरीज हैं को जीवन ज्योति हॉस्पिटल के अजय मेडिकल द्वारा एक्सपायरी दवा दी गई जिसके सेवन से मरीज का स्वास्थ्य खराब होने की शिकायत की गई थी।

शिकायत के संबंध में औषधि निरीक्षक जिला कटनी द्वारा 27 मई 2024 को जीवन ज्योति हॉस्पिटल स्थित मैसर्स अजय मेडिकल स्टोर की जांच के दौरान दुकान में प्रोपराईटर एवं फार्मासिस्ट श्री अजय जैन ने शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत के साथ संलग्न इस्टीमेट बिल पर तिथि अंकित नहीं होने तथा उनकी दुकान का है या नहीं उन्हें याद नहीं होने होने की बात कही गई। इस दौरान अजय जैन द्वारा नंदलाल बर्मन को दवाईयों के विक्रय का कोई बिल भी प्रस्तुत नहीं करने पर औषधि निरीक्षक द्वारा दुकान में रखी हुई विक्रय बिल की जांच की तो पाया कि प्रो. द्वारा नंदलाल बर्मन को औषधियों के विक्रय का बिल नहीं दिया गया है। जांच के समय यह भी पाया गया कि शिकायतकर्ता द्वारा जो दवा एक्सपायरी बताई गई थी, वह एक्सपायरी नहीं थी।

जांच के समय प्रो. अजय जैन को कुछ औषधियों के क्रय-विक्रय बीजक दो दिन में कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु कहा गया।

## खबर संक्षेप

### कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**कटनी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ईद ए अजहा बकरीद का त्योहार चांद दिखने के अनुसार 16 जून रविवार या 17 जून सोमवार को मनाया जायेगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट साधना परस्ते ने बकरीद के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स नियुक्त किया गया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट साधना परस्ते द्वारा जारी आदेशानुसार बीके मिश्रा तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के साथ चन्द्रशेखर कोरी की ड्यूटी मुख्य नमाज ईदगाह, जामा मस्जिद, नगीना मस्जिद, अल्फर्टगंज मस्जिद एवं नूरी मस्जिद मे लगाई गई है। इसी प्रकार शिवभूषण सिंह नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के साथ कमल बर्मन राजस्व निरीक्षक की आर्डिनेंस फैक्ट्री कटनी स्थित मस्जिद रोशन नगर मस्जिद, मंगल नगर मस्जिद में डयूटी लगाई गई है। जबकि अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार पहाड़ी के साथ कौशलेन्द्र सिंह राजस्व निरीक्षक की डयूटी अल्फर्टगंज एवं अमीरगंज मस्जिद तथा झर्रा टिकुरिया मस्जिद में लगाई गई है। इसी प्रकार आकाशदीप नामदेव नायब तहसीलदार मुड़वारा-2 के साथ सृष्टि गौतम राजस्व निरीक्षक की डयूटी मदरसा गौसिया बरगवां एवं अहमदनगर मस्जिद कुठला व हर्षवर्धन रामटेके के साथ राजेन्द्र नामदेव राजस्व निरीक्षक की डयूटी पुलिस कंट्रोल रूम कटनी मे लगाई गई है।

### नगर निगम परिसर में 15 जुलाई को होगा सामूहिक विवाह

**कटनी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह संशोधित योजना 2022 योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन दिनांक 15 जुलाई 2024 को नगर निगम कटनी परिसर में किया जाएगा। जिसमें कन्या, विधवा (कल्याणी) परित्यक्ता के विवाह संपन्न कराए जाएंगे। योजना प्रभारी नगर निगम कटनी ने बताया है कि योजनांतर्गत विवाह के लिए हितग्राही नगर निगम कार्यालय की योजना शाखा में निर्धारित प्रपत्र प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों सहित दिनांक 4 जुलाई 2024 तक अनिवार्य रूप से आवेदन जमा करें। विवाह के लिए मध्यप्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र वधू की आयु 18 वर्ष वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो इसके लिए आवेदन के साथ वर-वधु के आयु संबंधी दस्तावेज] दोनों की समग्र आईडी] साथ ही समग्र आईडी में आधार नंबर ईकेवाईसी] वधू का राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता एवं वधू की तीन फोटो] राशन कार्ड मोबाइल नंबर के साथ ही नगर निगम क्षेत्र का होना अनिवार्य किया गया है। महापौर प्रीति संजीव सूरी] निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के पात्र हितग्राही निर्धारित समयावधि में आवेदन जमा कर 15 जुलाई को होने जा रहे सामूहिक विवाह में शामिल होकर उक्त योजना का लाभ अवश्य लें।

### दतला नदी की जनसहयोग से कराई गई सफाई

**कटनी।** जिले मे वर्षा जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु तालाब, बावडियों, कुओं, की साफ- सफाई एवं उनके जीर्णोद्धार हेतु 16 जून तक चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गुरूवार को धार्मिक तीर्थ स्थल श्री कुढ़िया धाम आश्रम रोहनिया की दतला नदी में जनसहयोग से स्वचछता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान के दौरान बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह की मौजूदगी में जनसहयोग के चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के दौरान उपस्थित जनों द्वारा श्रमदान किया जाकर दतला नदी की सफाई करते हुए जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश प्रसारित किया गया। इस दौरान विधायक श्री सिंह ने जल सहेजने हेतु सरकार द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान की प्रशंसा करते हुए दतला नदी की सफाई हो जाने से यहां के जलस्तर बढ़नें की बात कही। अभियान के दौरान कुढ़िया कल्याण समिति रोहनिया के अध्यक्ष खेमचंद यादव, उपाध्यक्ष शुभम श्रीवास, मनोज केवट, राजेश गुप्ता, रामनिवास सोनी, सोनू यादव आदि उपस्थित रहे।

### विधायक और कलेक्टर ने सुरखी पौड़ी जलाशय के सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण

# सुरखी पोड़ी जलाशय का कायाकल्प, चुनिंदा पर्यटन स्थल के रूप किया जा रहा विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के प्रमुख पर्यटक स्थल के तौर पर विकसित हो रहे सुरखी पौड़ी जलाशय के सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति का विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल और कलेक्टर अवि प्रसाद ने निरीक्षण किया।

विधायक जायसवाल की पहल और विशेष प्रयासों से शासन द्वारा सुरखी पौड़ी जलाशय का कायाकल्प कर इसको कटनी जिले के चुनिंदा दर्शनीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। भविष्य में इस जलाशय में नौकायन, हाट बाजार, चौपाटी, घाट निर्माण एवं संगीतमय फव्वारा जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जायेंगी। जिससे कटनी नगरवासियों को सुबह-शाम प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ़ उठाने के साथ सैर के लिए उपयुक्त स्थल सुलभ होगा।

निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद रहे कार्यपालन यंत्री जल संसाधन व्ही.ए. सिद्दीकी ने विधायक एवं कलेक्टर को अवगत कराया कि पिछले कुछ वर्षों में जलाशय के जल ग्रहण क्षेत्र में व्यवधान आने से जलाशय की जल भराव क्षमता प्रभावित हुई है। इस समस्या के निराकरण हेतु



ह्यूम पाइप का उपयोग कर जलाशय का जीर्णोद्धार एवं उन्नयन कार्य प्रगति पर है, जिससे कि जलाशय के जल भराव क्षमता में वृद्धि की जा सके।

निरीक्षण में कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि ठेकेदार द्वारा बाँध के दूरवर्ती क्षेत्र से मिट्टी की खुदाई कराई जाये, जिससे जल भराव में वृद्धि हो सके।

साथ ही तकनीकी मापदंडों को ध्यान में रखते हुए पेवर ब्लॉक युक्त पैदल मार्ग की चौड़ाई बढ़ाई जाये। इसके अतिरिक्त उक्त पैदल मार्ग की सम्पूर्ण लंबाई में चार स्थानों पर विश्राम करने हेतु बेंच आदि की व्यवस्था की जाये।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने यह भी निर्देश दिए कि वर्षा काल के पूर्व ही समुचित निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाये।, जिससे वर्षा काल के जल का भण्डारण किया जा सके। साथ ही तकनीकी मापदंडों का अवलोकन कर रेस्ट हाउस की प्लिंथ की ऊंचाई बढ़ा कर बिल्डिंग को पर्याप्त ऊंचाई प्रदान की जाये, जिससे सैलानी पर्यटक,जलाशय के मनोरम दृश्य का लुत्फ़ ले सके।

वर्तमान में सुरखी पौड़ी जलाशय के जीर्णोद्धार एवं उन्नयन कार्य अंतर्गत निर्माणाधीन पेवर ब्लॉक युक्त पैदल मार्ग का अर्थवर्क कार्य प्रगति पर मिला । साथ ही जलाशय की जल भराव क्षमता में वृद्धि करने हेतु आर.सी.सी. ह्यूम पाइप डाले जा रहे हैं, जिससे जलग्रहण क्षेत्र का पानी जलाशय में सुलभता से आ सके।

#### 7 गांवों की जीनवरेखा है जलाशय

सुरखी पौड़ी जलाशय इससे लगे सात ग्रामों क्रमशः सुरखी, पौड़ी, मवई, जुहली जुहल देवरा एवं जुगियाकाप ग्रामों की जीवनरेखा है। इस जलाशय से सभी ग्रामों का 80 हेक्टेयर रकबा सिंचित होता है।

#### जलग्रहण क्षेत्र

जल संसाधन के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि सुरखी पौड़ी जलाशय का जल ग्रहण क्षेत्रफल 14.52 वर्ग किलोमीटर है जबकि इसकी उपयोगी जल भराव क्षमता 3.98 मि.घ.मी एवं कमांड क्षेत्र 809 हेक्टेयर है। जलाशय के बांध की कुली लंबाई 1341 मीटर एवं अधिकतम ऊंचाई 11.80 मीटर है। जलाशय की दो नहरों के माध्यम से सात गांवों के खेतों की सिंचाई होती है।



## नया खेड़ा में कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य शासन ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित विकासखंड रीठी के दूरस्थ ग्राम पंचायत नया खेड़ा में प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत मनरेगा में 100 दिवस कार्य कर चुके 35 महिला एवं पुरुषों को कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी के संचालक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक तथा अनुपम पांडे के सहयोग से प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण में भूमि के प्रकार पौधों के लिए आवश्यक 17 प्रकार के मुख्य द्वितीय एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की जानकारी मिट्टी परीक्षण हेतु नमूना लेने परिणाम पत्र के आधार पर फसलों को खाद देने के विषय में बतलाया गया। विभिन्न जैविक खादों एवं कीटनाशकों को बनाने तथा फसलों में उपयोग तथा जैविक खाद के फायदे की जानकारी दी गई। गोबर कंपोस्ट केंचुआ खाद मटका खाद एवं जीवामृत आदि जैविक खाद तथा गोमूत्र, नीम पत्ती, पांच पत्ती काढ़ा, नीमास्त्र ब्रह्मास्त्र, आग्नेयास्त्र को बनाने तथा फसलों में उपयोग का तरीका बतलाया गया। अधिक उपज प्राप्त करने के लिए बीजों के गुण बीज एवं अनाज में अंतर प्रजनक आधार एवं प्रमाणित बीजों की जानकारी तथा फसलों में लगने वाले विभिन्न कीट एवं रोग तथा उनके नियंत्रण का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में सरपंच खिलावन सिंह सचिव रामस्वरूप पटेल रोजगार सहायक प्रकाश कुमार संस्था के कर्मचारी अरुण कुमार रजक तथा प्रशिक्षनार्थी उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय बरही में जल संरक्षण पर संगोष्ठी आयोजित

## विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित करने किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही जिला कटनी में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं इको क्लब द्वारा पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय नई दिल्ली तथा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्को भोपाल मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में इको क्लब प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी रा से यो डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि पृथ्वी पर जीवन के लिए जल सबसे महत्वपूर्ण घटक है, क्योंकि हमें दिनचर्या के सभी कार्यों को पूर्ण करने के लिये कही न कही जल की आवश्यकता होती है धरती पर जीवन के अस्तित्व को बनाये रखने के लिये जल का संरक्षण और उसका बचाव बहुत जरूरी है आबादी और जरूरतों के बढ़ने के साथ-साथ पानी की मांग भी लगातार बढ़ती जा रही है, जबकि संसाधन कम होते जा रहे हैं।

तेजी से बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण, पानी की बर्बादी और कुप्रबंधन के अलावा जलवायु परिवर्तन और मौसम की चरम घटनाओं के चलते भी पानी की मात्र और गुणवत्ता गिरती जा रही है। इससे जल संकट और उससे उपजा तनाव भी बढ़ता जा रहा है। आज जल संरक्षण की दिशा में प्रत्येक मानव को आगे आकर अपनी सहभागिता करनी होगी। क्योंकि बिना जल के जीवन संभव नहीं है, हमें अपने जीवन में उपयोगी जल को बर्बाद और प्रदूषित नहीं करना चाहिये तथा लोगों को जल संरक्षण और जल बचाने को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

प्रो. मनीष मिश्रा ने कहा कि जनभागीदारी से जल संरक्षण संभव है। जो कि बहुत आवश्यक भी है, क्योंकि नदियों का देश होने के बावजूद आज भारत के अधिकांश इलाके शुद्ध पेयजल की किल्लत से जूझ रहे हैं। पर्यावरण असंतुलन और जल संसाधनों के क्षय के कारण पेयजल स्त्रोतों की संख्या घट रही है। डॉ रश्मि त्रिपाठी ने बताया कि दैनिक जरुरतों से ज्यादा पानी लोग बर्बाद कर रहें हैं। हम सभी को जल के महत्व और भविष्य में जल की कमी से संबंधित समस्याओं को समझना चाहिये, हमें अपने जीवन में उपयोगी जल को बर्बाद नहीं करने के साथ ही जल संरक्षण बढ़ावा देना चाहिये।

प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने बताया कि जल संरक्षण से जुड़ा हर प्रयास हमारे कल से जुड़ा है इसमें पूरे समाज की जिम्मेदारी होती है, जल पृथ्वी का सर्वाधिक मूल्यवान संसाधन है और हमें न केवल अपने लिये इसकी रक्षा करनी है बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिये भी इसे बचा कर रखना है प्रियंका तोमर ने सभी से अपनी जरूरतों के अनुसार ही पानी का प्रयोग करने का अपील करने के साथ ही सभी से जल संरक्षण की मुहिम को सफल बनाने में सहभागी बनने का आग्रह भी किया, अंत में प्राचार्य प्रो आर के त्रिपाठी ने उपस्थित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई।

## महापौर ने रेस्टोरेशन कार्य का किया निरीक्षण



महापौर प्रीति संजीव सूरी ने शहर में चल रहे सीवेज अन्तर्गत रोड रेस्टोरेशन कार्य का निरीक्षण किया। महापौर द्वारा सीवेज कंपनी को आगामी वर्षा ऋतु के पूर्व कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये साथ ही संबंधित उपयंत्री को आम नागरिकों की सीवेज से संबंधित सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करवाने तथा सीवेज कार्य का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता पूर्ण कार्य हेतु भी निर्देशित किया। उक्त निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, पार्षद सुरेंद्र गुप्ता, लव साहू, सीमा श्रीवास्तव उपयंत्री अश्वनी पाण्डे एवं अन्य जनों की उपस्थिति रही।

## जलापूर्ति संबंधी शिकायतों को प्रमुखता के साथ कराया जा रहा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने और जलापूर्ति से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण को लेकर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा निरंतर गंभीर प्रयास कर जिलेवासियों को इस भीषण गर्मी में राहत पहुंचाई जा रही है। कलेक्टर श्री प्रसाद जिले में जलापूर्ति व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग और समीक्षा कर रहे हैं, साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जलापूर्ति से संबंधित शिकायतों के निराकरण में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एन.के.जे रेल आवासों की हल हुई जलापूर्ति की समस्या

पश्चिम मध्य रेलवे के नई कटनी जंक्शन स्थित रेलवे क्वाटर्स में पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायत विभिन्न माध्यम से प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा एरिया मैनेजर न्यू कटनी जंक्शन को शिकायत के संबंध में अवगत कराया गया। जिस पर एरिया मैनेजर न्यू कटनी जंक्शन द्वारा संबंधित विभाग से जानकारी लेते हुए प्रतिवेदित किया कि वर्तमान मे रेलवे क्वाटर्स में पेयजल की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए 24 घंटे में 01 बार समुचित मात्रा में पेयजल की आपूर्ति की जाती है। विद्युत कटौती या अन्य तकनीकी खराबी आने की स्थिति में आवश्यकतानुसार टैंकरों द्वारा भी पानी की सप्लाई की जाती है। पेयजल की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए क्षेत्र में अतिरिक्त बोर कराने की की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

#### बोर को किया गया सुरक्षित

इसी तरह खुले बोर के एक अन्य प्रकरण में एरिया मैनेजर न्यू कटनी जंक्शन ने अवगत कराया कि रेलवे क्वाटर्स में हो रही जल समस्या को दूर करने हेतु एस.के.पी कॉलोनी में कराये गए बोर को स्टील कैप से सुरक्षित किया गया था। अज्ञात जनों द्वारा स्टील कैप निकाल लेने की जानकारी प्राप्त होते ही पुनः कैप लगाकर बोर को सुरक्षित कर दिया गया है।

### साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हुए प्रतिभागी

## प्रतियोगिता से कटनी की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत को पूरे देश ने जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले सहित प्रदेश के तमाम छोटे बड़े जिलों सहित देश के कोने - कोने से हजारों प्रतिभागी कटनी के गौरवशाली इतिहास और यहां की विशेषताओं पर आधारित ''कटनी को जानें'' ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। 10 जून से प्रारंभ इस प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागी रोजाना अलग- अलग विषयों पर आधारित 10 आसान प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं और इनमें से सही उत्तर देने वाले विजेताओं में से 5 भाग्यशाली विजेता रोजाना साढ़े पांच हजार रूपये की पुरुस्कार राशि भी जीत रहे हैं।

कलेक्टर अवि प्रसाद की विशेष पहल पर आयोजित यह प्रतियोगिता संपूर्ण भारत वर्ष में कटनी के प्रमुख पर्यटक, प्राकृतिक और धार्मिक स्थलों के महत्व और पुरा वैभव सहित नैसर्गिक संदरता से पूरा देश परिचित हो रहा है। ऐतिहासिक तौर पर प्रसिद्ध और स्वतंत्रता संग्राम के साक्षी रहे विजयराघवगढ़ किले से संबंधित ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता में सवाल पूछे गये विजयराघवगढ़ का ऐतिहासिक किला राजा प्रयागदास ने बनवाया था। इस किले के राजा सरजूप्रसाद ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के विरूद्ध लडाई लडी थी। कटनी जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर स्थित यह किला प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अपने योगदान के लिए प्रसिद्ध होने जैसी महत्वपूर्ण जानकारियों से रूबरू हुए। आयोजित क्विज प्रतियोगिता मे 445 प्रतिभागियों मे भाग लिया जबकि 761 लोंगो द्वारा प्रतियोगिता को देखा गया।

प्रतियोगिता के चौथे दिन का परिणाम आज शुक्रवार की सुबह 10 बजे घोषित किया गया। जिसमें कटनी पाठक वार्ड के ब्रज किशोर मिश्रा ने प्रथम स्थान हासिल किया। गुरूवार की आयोजित क्विज प्रतियोगिता में ईश्वरीपुरा वार्ड कटनी निवासी आकांक्षा जायसवाल ने दूसरा और ईपीईएस भुड़सा निवासी यशोदा कोरी नें तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि दो सांत्वना पुरस्कर क्रमशः सागर निवासी हर्षित और ग्राम बडारी तहसील विजयराघवगढ़ निवासी आश्चर्य तिवारी ने जीते।

गुरुवार को आयोजित कटनी को जानो प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने शुक्रवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट में प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों द्वारा इस ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता को शैक्षणिक जीवन के लिए बहुत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को कटनी के बारे में कई ज्ञानवर्धक जानकारियां हासिल होने की बात कही जाकर कलेक्टर जिला प्रशासन, के प्रति आभार जताया।

### प्रत्येक ग्रामों में श्रमदान के माध्यम से चल रहे साफ सफाई कार्य

## बारिश के पानी को सहेजने किया जा रहा गहरीकरण और बंधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीणो द्वारा श्रमदान के माध्येम से जल स्त्रोतो को बढाने के उदेश्य से श्रमदान कर अभियान में दे रहे योगदान । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत बहोरीबन्द के ग्राम कल्हैयाखुर्द म0प्र0जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नवांकुर संस्थान प्रस्फुटन समिति के माध्यम से बरसात के पानी को रोकने के लिए चार बोल्ड्र बंधान बनाए गए ग्रामीणो को जल संरक्षण के लिए जागरूक किया गया ।

विधायक बडवारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह जी द्वारा जनपद पंचायत बडवारा के ग्राम पंचायत रोहनिया के श्री कुडिया धाट धाम में ग्रामीणो के साथ श्रमदान कर साफ सफाई कार्य किया गया ग्रामीणो द्वारा अभियान में अपना श्रमदान देने के लिए माननीय विधायक महोदय द्वारा सभी ग्रामवासियों एवं गॉव को स्वच्छ रखने एवं जल संरक्षण हेतु जागरूक करते हुए सभी को अभियान में सहयोग के लिए शुभकमनाऍ भी दी ।



जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत जुहला तालाब गहरीकरण एवं श्रमदान के माध्यम सफाई कार्य किया गया कुआ की सफाई एवं रंग रंगोन का भी कार्य किया गया ग्राम पंचायत देवरी हटाई में हौदी निर्माण पशुओ के पानी पीने के लिए एवं सोक पिट की सफाई कराई गई, देवरी हटाई में करबला नाला गहरीकरण का कार्य श्रमदान के माध्याम से किया गया ग्राम पंचायत अमाडी के ग्राम भदौरा में चकदही नाला गहरीकरण शिल्टा निकासी कार्य ताकि वर्षा का जल इकठा कर रोका जा सके जल को बचाने के उदेश्य से सभी ग्रामवासियों ने संकल्प भी लिया ग्राम पंचायत पिपरौंध में निवार नदी गहरीकरण सफाई कार्य किया गया । जनपद पंचायत कटनी की तखला में नहर गहरीकरण ग्राम पंचायत पिपरिया आसमानी माता के पास कुंड पिचिंग एवं सफाई श्रमदान के माध्यम से किया गया ग्राम पंचायत कैलवारा खुर्द में कोहारी नदी गहरीकरण एवं ग्राम पंचायत छहरी में रीचार्ज सोकपिट तैयार करने का ले आउट तैयार किया गया ग्राम पंचायत सलैया नवीन तालाब ढेलमहार का निर्माण किया गया । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशानुसार जनअभियान परिषद के माध्यम से जल स्त्रोतो को बढाने तथा जल संरक्षण हेतु ग्रामीणो को जागरूक करने हेतु सभी ग्रामवासियों को संकल्प दिलाया दीवारो में लेखन किया जाकर ग्रामीणो को जागरूक करते हुए जल स्त्रोतो के पुनर्जीवन के लिए सधन प्रयास किये जा रहे है ।

#### करहैया खुर्द में बोल्डर बंधान निर्माण

बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम करहैयाखुर्द में मप्र जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर संस्था प्रस्फुटन समिति के माध्यम से बरसात के पानी को रोकने के लिए चार बोल्डर बंधन बनाने का कार्य किया गया। इस दौरान विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने ग्राम में बैठक आयोजित कर जलसंवाद करते हुए आने वाले समय में जल की कमी की समस्या से ग्रामीणों को अवगत कराया और बरसात के पानी को सहेजने हेतु आवश्यक उपाय बताए।

## शराब दुकान में हुआ जमकर हंगामा, पुलिस से धक्का मुक्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रीठी क्षेत्र में बीती रात एक शराब दुकान में जमकर हंगामा हुआ। दरअसल शराब दुकान में मुफ्त की शराब पीने को लेकर हंगामा हुआ। बताया जाता है कि जनपद अध्यक्ष अर्पित अवस्थी अपने साथियों के साथ शराब दुकान पहुंचा जब दुकानदार ने मुफ्त शराब देने से मना कर दिया तो गुंडागर्दी पर उतारू हो गए। उन्होंने शराब दुकान की शटर बंद कर दी और दुकानदार से गाली गलौज करने लगे। इसी बीच दुकानदार ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस थाने में दे दी। घटना की सूचना मिलने के बाद जब मामले को शांत कराने एक एएसआई और उनके साथ पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचा तो जनपद अध्यक्ष आपा खो बैठे और एएसआई को ही धक्का मारते हुए गाली गलौज करने लगे। इस पूरी घटना को आसपास मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया।

सूत्रों के अनुसार रीठी जनपद पंचायत अध्यक्ष अपनी मित्र मंडली के साथ बुधवार रात लगभग 9:30 बजे रीठी शराब दुकान में मुफ्त की शराब पीने पहुंचे थे। दुकानदार ने जब नेताजी को मुफ्त शराब देने से साफ इनकार कर दिया तो वह आग बबूला हो गए और उन्होंने शराब दुकान की शटर बंद करके गाली गलोज करना शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद जब स्थानीय थाने में पदस्थ एएसआई और उनके सहयोगी घटना स्थल पर पहुंचे तो नेता जी और अधिक उत्तेजित हो गए और उन्होंने एएसआई से धक्का मुक्की करते हुए गाली गलौज करना शुरू कर दिया।

एडि एसपी डॉक्टर संतोष डेहरिया का कहना है कि अर्पित अवस्थी द्वारा की गई गुंडागर्दी के संबंध में शराब दुकानदार के द्वारा शिकायत की गई है। जिसकी जांच कराई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### गायत्री जयंती गंगा दशहरा पूज्य गुरूदेव का महाप्रयाण दिवस

**पन्ना।** अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार पन्ना के सम्मानीय आत्मीय परिजनों शक्तिस्वरूपा मात्र शक्तियों गायंत्री जयंती गंगा दशहरा व पूज्य गुरूदेव के महा प्रयाण दिवस के उपलक्ष्य में आज प्रातः काल 6 बजे से शायं काल 6 बजे तक 12 घंटे का अखण्ड गायत्री मंत्र जप अनुष्ठान का कार्यक्रम रखा जा रहा है। जिसमें सभी साध कइस जप अनुष्ठान में सहभागी बनकर पूज्य गुरूदेव मां गायत्री व मां गंगा की कृपा को प्राप्त कर अपने जीवन अपने परिवार और पन्ना को पावन दिव्य बनाने हेतु इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मां गायत्री का जप अनुष्ठान वहीं 16 जून को प्रातः 8 बजे से गायंत्री महा यज्ञ 7:15 से दीप महायज्ञ का आयोजन भी होगा। गायत्री परिवार गायंत्री शक्तिपीठ पन्ना में 15 व 16 जून को गायंत्री जयंती गंगा दशहरा पूज्य गुरूदेव के महा प्रयाण दिवस पर ये कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिसमें गायंत्री परिवार के सभी लोग धर्म लाभ लेकर अपने सहभागिता निभायेंगे।

### बकरीद पर्व को लेकर एसडीओपी की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**पवई।** थाना परिसर पवई में आगामी बकरीद पर्व को देखते हुए शुक्रवार को सौरव रत्नाकर एस डीओपी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पवई के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक के दौरान एसडीओपी सौरभ रत्नाकर ने लोगों से बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की। थाना प्रभारी त्रिवेंद त्रिवेंदी ने कहा कि थाना क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी। इस अवसर पर तहसीलदार ,पत्रकार सहित शान्ति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### प्रतिक्षा साहू का सरस्वती शिशु मँदिर पवई में किया गया सम्मान



**पवई।** सरस्वती शिशु मँदिर पन्ना की पूर्व छात्रा व सरस्वती शिशु मँदिर पवई के प्रधानाचार्य अनूप साहू जी की बेटी का चै्ब की परीक्षा मे लेखा अधिकारी के पद पर चयन हुआ है चयन पश्चात सरस्वती शिशु मँदिर पवई मे जिला सचिव प्रमोद नगायच, प्राचार्य राजेंद्र तिवारी, आचार्य परिवार व गणमान्य नागरिकों ने मीठा व साल ,श्रीफल से किया बेटी का सम्मान करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की गई इस अवसर पर विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

### क्या हुआ तेरा वादा पोस्टकार्ड लिखकर अभियान चलाएगी युवक कांग्रेस

**पन्ना।** मध्य प्रदेश में संपन्न हुए 2023 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जो प्रदेश की जनता से वायदे किए गए थे वह अभी तक पूरे न किए जाने को लेकर मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस के अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह यादव के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में क्या हुआ तेरा वादा अभियान की शुरुआत की जा रही है इसके तहत युवक कांग्रेस पोस्टकार्ड के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम भेज कर उनके वायदे याद करवाएगी। इस संबंध की जानकारी देते हुए जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी ने कहा की विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा ने ढाई लाख युवाओं को सरकारी नौकरी, प्रत्येक परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार, एक करोड़ तीन लाख बहनों को पक्के आवास, किसानों को गेहूं- धान की खरीद की न्यूनतम राशि, जल जीवन मिशन में हो रहे भ्रष्टाचार के दोषियों पर कार्यवाही, नर्सिंग घोटाले में लिप्त दोषियों पर कार्यवाही, युवाओं की मांग के अनुसार सरकारी नौकरियों का परीक्षा शुल्क माफ जैसे वायदे किए थे।

## हजरत बाबा महबूब शाह रहमतुल्ला अलैह का 82 वां उर्स संपन्न

# कव्वाल अजीम नाजा एवं मुकर्रम वारसी ने पूरी रात पेश की कव्वाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिण्डोरिया





प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी हिंदू मुस्लिम कौमी एकता के प्रतीक हजरत बाबा महबूब शाह रहमतुल्ला अलेह का 82 उर्ष हिंडोरिया में अजीम-शान- ओ शौकत के साथ आपसी सद्भाव पूर्ण माहौल में मनाया गया । इस मौके पर कव्वाल अजीम नाजा मुंबई एवं मुकर्रम वारसी नागपुर द्वारा शानदार - यादगार कलाम पूरी रात पेश किए गए। इस मौके पर कार्यक्रम बतौर जेरे सदर उर्स हजरत जाउद्दीन मियां खान साहब यूपी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक उमा देवी खटीक , बतौर विशिष्ट अतिथी पूर्व विधायक अजय टंडन, महेश पुरानी अध्यक्ष ब्राह्मण समाज हटा,लालचंद खटीक, विक्कू लाला, शेख अकबर सागर, पार्षद दाउद सौदागर दमोह, बाजु नबाब खान सदर जामा मसृजिद, फकीर कुरेशी, रसीद सेठ,जैत सौदागर, राजा भाई कटंगी, नंदू रैकवार ठेकेदार ,बबलू पठान, सतेन्द्र साहु, अनिमेष चौरसिया, मयंक खटीक लक्ष्मन पटेल, एसडीओपी रघु केशरी, टीआई अमित गौतम ,बसीर चौहान , अन्नू राजपूत, कालूराम अहिरवार मौके पर मौजूद रहे। संपूर्ण कार्यक्रम में उर्स कमेटी के अध्यक्ष दीपक खटीक,, शहजाद कुरैशी डब्बू, तैय्युब अली, हबीब राजा चौहान, आनु खान, साजिद उस्ताद, शेख सखावत, हुसैन सेठ ,अकील मोटे, रहीम मुकदम, रफीक मासाब, वकील कंडेक्टर, आशिक खान, शेख असीम, साकिर मसीहा, मुबारिक राजा,डॉ अनबर खान,सुजात खान सहित हिंडोरिया पुलिस,नगर परिषद, विद्युत मंडल एवं स्वास्थ्य विभाग की भूमिका सराहनीय रही।

## मक्का फसल का लिया जायजा

# धान की सीढ़ी बनी डी एस आर पद्धति का हुआ प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह

जिले के विकासखंड दमोह के ग्राम अभाना में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कृषक आकाश सेठ के खेत में धान की डी.एस.आर. पद्धति का प्रदर्शन एवं कृषक शिव सिंह लोधी के खेत में संकर मक्का एवं स्वीट कॉर्न मक्का का जायजा लिया । कलेक्टर श्री कोचर ने कृषकों से आह्वान किया कि कृषक इसी प्रकार धान की उन्नत तकनीकी डी.एस.आर. पद्धति का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें एवं मांग अनुसार फसलों की खेती करें। कलेक्टर श्री कोचर ने कृषकों को अवगत कराया गया कि जिले में पर्याप्त खाद एवं बीज उपलब्ध है, कृषक बंधु डी. ए. पी. के स्थान पर एन.पी. के. जैसे 12: 32: 16, 20: 20:0: 13, 20:20:20 आदि का उपयोग करें, जिससे कृषको को डीएपी की तुलना में अधिक लाभ प्राप्त हो सकता है। डीएपी में जहां दो तत्व पाए जाते हैं, वहीं एन.पी.के. में फसलों के लिए आवश्यक तीन मुख्य पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिससे फसलों में उत्पादन भी अच्छा होता है दाने में चमक भी अच्छी आती है। रोग एवं कीटों के प्रति प्रतिरोधकता भी बढ़ती है। उन्होंने कहा दलहन एवं तिलहनी फसलों में सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग किया जाये । गौरतलब है कि कृषि विभाग एवं मंथन एन. जी.ओ. के सहयोग से ग्राम अभाना में आकाश सेठ के खेत में धान की सीधी बुवाई डी.एस.आर. पद्धति का प्रदर्शन किया गया। कृषक श्री सेठ ने बताया उनके द्वारा इस पद्धति का उपयोग दूसरे वर्ष किया जा रहा है, पूर्व वर्ष में उन्होंने इस पद्धति से धान की बोनी की थी जिसमें उन्हें 25 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से उत्पादन प्राप्त हुआ तथा बीज एवं सिचाई की मात्रा भी कम लगी। रोपा पद्धति से बोनी करने पर श्रमकों की अधिक आवश्यकता पड़ती है, इस पद्धति में श्रमिको की कम आवश्यकता पड़ती है, जिससे उत्पादन लागत में कमी आ जाती है एवं उत्पादन भी लगभग रोपा पद्धति के बराबर होता है, जिससे शुद्ध आय में वृद्धि हो रही है।

कृषक श्री सेठ द्वारा ग्रीष्म कालीन तरबूज एवं खरबूज का भी उत्पादन किया जाता है जिससे उन्हें प्रति एकड़ 20 टन तरबूज का उत्पादन हुआ जिससे उन्हें एक एकड़ में लगभग एक से डेढ़ लाख का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। श्री सेठ द्वारा खरीफ में धान, कपास, मिर्च एवं शिमला मिर्च की खेती की जाती है, जिससे वह अच्छा लाभ कमा रहे हैं । उपसंचालक कृषि श्री जितेंद्र सिंह राजपूत ने बताया डी.एस.आर. पद्धति के द्वारा धान की बोनी करने पर प्रति एकड़ 9 से 12 किलो संकर बीज की आवश्यकता होती है, इस पद्धति में कतार से कतार की दूरी 9 इंच तथा पौधे से पौधे की दूरी 3 से 4 इंच रखी जाती है एवं बीज की बोनी आधा से 1 इंच गहरी की जाती है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ मनोज अहिरवार द्वारा उपस्थित कृषकों को फसल विवधिकरण के बारे में जानकारी दी। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी कृषि शंकर लाल कुर्मी, सहायक संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर.के जैन, एन.जी.ओ. के सहयोगी अभिषेक पटेल एवं दुर्गेश पटेल, प्रगतिशील कृषक बहादुर सिंह लोधी संबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषक बंधु उपस्थित रहे ।

## हटा विधायक उमादेवी खटीक पहुंची मड़ियादो



**दमोह।** हटा विधायक उमादेवी खटीक शुक्रवार शाम मड़ियादो पहुंची, यहां उन्होंने सबधारा नाला में जनसहयोग से जारी साफ-सफाई का जायजा लिया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने विधायक को कार्ययोजना से अवगत कराया। विधायक उमादेवी खटीक ने नायब तहसीलदार और सहयोगियों द्वारा किये गए कार्य की सराहना की और सरकार की ओर से और बेहतर करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कमलेश चौदह ,अभिषेक जैन ,बसन्त अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हटा

सिविल अस्पताल हटा में रक्तदाता दिवस के उपलक्ष मे बड़े जन समूह को डॉक्टर सौरभ जैन व सीबीएमओ डॉक्टर अमन श्रीवास्तव ने ₹रक्तदान महादान₹ के विषय में लोगों को जानकारी दी। आप लोगों ने मरीजों के साथ आए परिजनों को बताया की गर्भवती महिलाओं में खून की कमी तथा दुर्घटना के समय मरीज के अधिक खून बह जाने से जान का खतरा हो जाता है।ऐसे समय में रक्तदानी द्वारा दिए गए खून से आकस्मिक स्थिति में मरीज की जान बचाई जा सकती है। स्वस्थ व्यक्ति के द्वारा दिए गए 1 यूनिट रक्त से रक्तदाता के स्वास्थ्य पर कोई असर नहीं पड़ता। न ही किसी भी प्रकार की रक्तदाता को कोई कमजोरी आती है। साथ ही 45 दिन में जो रक्त दिया है वह पुनः बन जाता है। आप लोगों के द्वारा रक्तदान करने से अगर किसी का जीवन सुरक्षित हो जाता है तो यह अपने जीवन की बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। इसीलिए तो कहते हैं कि₹दानों में दान रक्तदान महादान₹ है।सिविल अस्पताल हटा स्टाफ से डॉ आर पी कोरी, डॉ मनीष बहेरिया,डॉ सचिन अग्रवाल,डॉ भारत तिवारी, आर एन साकेत, श्रीमती पिंकी राजपूत लाखन सिंह,हरि शंकर साहू,मनीष श्रीवास्तव,रविंद्र बंसल, महेश,शिवम रैकवार तथा उपस्थित जन समूह को रक्तदान करने हेतु अरविंद कुमार नेमा द्वारा शपथ दिलवाई गई।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर किया रक्तदान



**दमोह।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय पहुंचकर महामाया रक्तदान एवं जन कल्याण समिति के सदस्यों ने डॉ अंकिता , लता चौरसिया जी ने रक्तदान किया और भी लोगों ने रक्तदान किया। उन सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने अपने रक्तदान से कई लोगों को जीवन दिया है और सभी युवा दोस्तों से अनुरोध हैं की जब भी मौका मिले रक्तदान जरुर करे। सिविल सर्जन डॉक्टर राजेश नामदेव, आरएमओ डॉक्टर विशाल शुक्ला, कवित्री प्रेमलता नीलम, अध्यक्ष अखिलेश रजक, डॉ अमित प्रकाश जैन, उषा यादव, सुमन चढ़ार, प्रीति गुप्ता, सौरभ खरे, विनोद जी मौजूदगी रहीं।

# श्रीमद्भागवत कथा के लिए निकली भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बनवार



सिद्धेश्वर भगवान की पावन भूमि 17 मील बंदरकोला बडगुंवा डूमर मैं विराट रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत भव्य कथा का शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ भक्ति उतसाह के माहौल सैकड़ो कन्याएं सिर पर कलश धारण किए। संतो के सानिध्य में भव्य कलश शोभायात्रा सिद्धेश्वर भगवान धाम से लेकर संकट मोचन हनुमान मंदिर डूमर पहुंची जहां पर पूजन पाठ ध्वज बंधन के बाद पुनः कलश शोभायात्रा यज्ञ स्थल पहुंची। जहां पर मंत्रोच्चारण के साथ कलश पूजन श्रीमद् भागवत कथा की बैठकी संपन्न हुई ।13 जून से 19जून तक विराट रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत भव्य कथा का आयोजन किया जा रहा है। कलश यात्रा बालयोगी महंत भास्करा नंद गिरी जी महाराज यज्ञाचार्य पं अनिकेत दुबे कथा व्यास आचार्य श्री पवन उपाध्याय के सानिध्य में बड़ी संख्या श्रद्धालुओं की उपस्थिति में निकाली गई। श्रीमद् भागवत कथा पंडित श्री पवन उपाध्याय मुखारविंद से भक्तों को श्रवण पान कराई जाएगी। यज्ञाचार्य पं अनिकेत दुबे के द्वारा विराट रुद्र महायज्ञ पार्थिव शिवलिंग निर्माण रुद्राभिषेक शिवार्चना भव्य आयोजन सातों दिन होगा जिसको लेकर यह शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। यज्ञ स्थल पर आचार्य पंडितों के द्वारा मंत्रोचारण के साथ सभी कलश को यज्ञ स्थल पर स्थापित किया गया। वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच शुरू हुए इस भव्य और दिव्य आयोजन को लेकर संपूर्ण क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है यज्ञ को सफल बनाने के लिए संपूर्ण क्षेत्रवासी पूरी तनमन्यता से जुटे हुए हैं । बता दें प्रतिवर्ष अनुसार सिद्धेश्वर भगवान के पावन धाम में विराट रूद्र महा यज्ञ श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन श्रद्धा सेवा समिति एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से बाल योगी महंत भास्करा नंद गिरी जी महाराज के द्वारा विश्व शांति जनकल्याण के उद्देश्य से करवाया जाता है। कलश यात्रा में संस्कृति पर्यटन राज्य मंत्री के पिता श्री भाव सिंह हल्ले रैकवार गनपत सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थित रही।

## नमामि गंगे अभियान के तहत बटियागढ़ पहुंचे

**बटियागढ़ ।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 5 जून पर्यावरण दिवस से 16 जून तक पूरे प्रदेश में नमामि गंगे अभियान का शुभारंभ किया गया। इसी कड़ी में जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर गुरुवार को बटियागढ़ पहुंचे। जूड़ी नदी पर जनभागीदारी से गहरी करण का कार्य चल रहा था। उसका निरीक्षण किया वहीं मराठा कालीन शिव मंदिर नदी किनारे बना हुआ है जो लगभग 200 वर्ष पुराना है। उसकी भी सराहना करते कहा कि आपके घर को तो पानी है लेकिन पानी का भी तो घर होना चाहिए। तो ये जो जूड़ी नदी है इसके पानी के लिए घर की जरूरत है। और हमें पानी के घर की साफसफाई करना होगी। हम अपने घर की साफसफाई अलग अलग त्योहारों पर कर लेते हैं। लेकिन हम पानी के घर की साफसफाई करना भूल जाते हैं। और आज जो आप लोगों ने वीड़ा उठाया है नदी के घर की साफसफाई का उठाया है। और आज जो ये कार्यक्रम हो रहा है वो अपने घर के साथ साथ नदी के घर की चिंता की है। तो इसके लिए मैं विशेष रूप से बधाई दैना चाहूंगा, ग्रामवासियों को, जनप्रतिनिधियों को और ख़ास तौर पर जनपद पंचायत सीईओ अश्विनी कुमार सिंह को क्योंकि सारा श्रेय कलेक्टर और बाकी जिला अधिकारियो को मिल जाता है लेकिन श्रेय के असली हकदार सीईओ बटियागढ़ है जिन्होंने ग्राम के स्तर पर जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर ये योजना बनाई। और इनकी पूरी टीम बधाई की पात्र है।

**अब इस काम को हम सब मिलकर अंजाम तक पहुंचायेंगे। तब जाकर हम मानेंगे की ऐतिहासिक काम हुआ है।**

सर्व प्रथम कलेक्टर दमोह ने जिला सीईओ अर्पित वर्मा ने भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र व्यास जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र कटारे ने मां सरस्वती जी की फूल माला पहनाकर कर पूजा अर्चना की और फिर सभी ने बारी बारी से जूड़ी नदी के सौन्दर्य करण के लिए अपने वक्तव्य रखें। तत्पश्चात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत सीईओ अर्पित वर्मा, तहसीलदार बटियागढ़ राबिन जैन, जनपद पंचायत सीईओ अश्विनी कुमार सिंह, सब इंजीनियर समीर खान सहित अन्य कर्मचारीयों ने जूड़ी नदी पर ट्राली में पत्थर भर कर श्रमदान किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बटियागढ़ के सभी कर्मचारी, शहजादपुरा सरपंच नरेन्द्र कटारे, बटियागढ़ सरपंच प्रतिनिधि करन सिंह पटेल, जनपद सदस्य अमजद खान, सभी मनरेगा सब इंजीनियर सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# चलती कार बनी आग का गोला, चार लोगों ने कूद कर बचाई अपनी जान



**पन्ना।** भीषण गर्मी के दौरान चलती कार में आग लगने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा आज फिर पन्ना जिले के अमानगंज थाना अंतर्गत ग्राम तमगढ़ निवासी नीरज प्रताप सिंह बुंदेला की चलती कार में आग लग गई कार में सवार नीरज प्रताप सिंह बुंदेला सहित उनके तीन साथियों ने किसी तरह कार से कूद कर अपनी जान बचाई, जिसके कुछ देर में देखते ही देखते यह कार आग का गोला बन गई। बताया गया है कि नीरज प्रताप सहित चार लोग कार में सवार होकर ग्राम तमगढ़ से ग्राम कूड़न की ओर जा रहे थे तभी अचानक कार के अंदर से धुआं उठने लगा जब तक कार में सवार लोग कुछ समझ पाते आग की लपटें उठने लगी, सूझबूझ का परिचय देते हुए नीरज प्रताप ने गेट खोलकर बाहर छलांग लगा दी और अपने साथियों को भी बाहर निकाला इसके कुछ ही देर में कार आग का गोला बन गई और देखते ही कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। आसपास के काफी संख्या में लोग एकत्र हो चुके थे लेकिन आग की विकराल लपटें देखकर कोई भी पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था फिलहाल कार में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस घटना में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई सभी लोग पूरी तरह से सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

## कांग्रेस नेता की मनाई 26वी पुण्यतिथि



**गैसाबाद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव जिला युवक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कृषि समिति हटा के पूर्व सभापति एवं जनपद सदस्य रहे , हटा विधानसभा क्षेत्र मे एक संघर्षशील नेता की छवि स्थापित करने वाले स्वर्गीय श्री राजगोपाल श्रीवास्तव जी की 26 वी पुण्यतिथि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी उनके गृह ग्राम गैसाबाद मे मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भी किया गया जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के सभी जाति वर्ग के लोगों ने सम्मिलित होकर अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की ग्रामीण जनों ने भाई राजगोपाल जी को एक कर्मठ और जुझारू नेता बताकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। हटा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रवक्ता एवं स्वर्गीय श्री राजगोपाल श्रीवास्तव के अनुज भ्राता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आमजन का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में ग्रामीण अंचल के कार्यकर्ताओं एवं हटा शहर से पधारे वरिष्ठ जनों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### डीएपी के स्थान पर एस एस पी, एनपीके उर्वरक फसलों के लिये अधिक फायदेमंद

**दमोह।** उप संचालक किसान कल्याोण तथा कृषि विकास जितेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि किसान भाई धान, सोयाबीन, उडद आदि खरीफ फसलों की बुबाई हेतु डी.ए.पी. उर्वरक के स्थायन पर एन.पी.के. उर्वरक का उपयोग करें। उन्होंने बताया डी.ए.पी. में नाईट्रोजन, फास्फोसरस तत्वे होते है, जबकि एन.पी.के. में नाईट्रोजन, फास्फोधरस के साथ पोटाश तत्वट भी पाया जाता है, जो कि फसल के लिये अति महत्व पूर्ण एवं आवश्य।क तत्वा है। सोयाबीन फसल में एस.एस.पी. (सिंगल सुपर फास्फेडट) उर्वरक का उपयोग करें। सिंगल सुपर फास्फेवट में 16 प्रतिशत फास्फोकरस, 12 प्रतिशत सल्फर, 21 प्रतिशत कैल्शियम तत्व पाये जाते है, जो कि सोयाबीन फसल के लिये अति फायदेमंद है। उप-संचालक कृषि ने आगे बताया खेत के जिन भागों में जल भराव होता है ऐसे स्था नों पर मक्कार की बुबाई न करें, क्योंकि मक्काो में जल भराव के कारण जड़े सड़ जाती है व फसल पीली पड़ जाती है। इसी प्रकार ढालू खेतों में धान फसल की बुबाई न करें, क्योंकि धान फसल को अधिक नमी की आवश्यपकता होती है। धान की बोनी डी. एस. आर. पद्धति से करें इस पद्धति से बोनी करने पर उत्पादन अधिक एवं लागत कम आती है।

### पशुपालन राज्यमंत्री आज दमोह आयेंगे

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटैल आज 14 जून की शाम भोपाल से चलकर दमोह आयेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। शेष कार्यक्रम पृथक से जारी किये जायेंगे।

### बुंदेली लोकगीत का प्रसारण कल

**दमोह।** शहर की श्रीमती पूजा रूपा तिवारी लोकगीत गायिका इनका प्रसारण आकाशवाणी छतरपुर से 16 जून 2024 को सुबह 9 बजे से 9:30 बजे तक लोक रंग कार्यक्रम में होगा। इन्होंने भी ग्रेड स्वर श्री में स्थान प्राप्त किया। आकाशवाणी छतरपुर से इनके लोकगीत नियमित हर एक दो माह में प्रसारित होते रहते हैं श्रोता बांधो इस कार्यक्रम को जरूर सुने। बधाई देने वालों में मॉडल स्कूल सीएम राइस के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अक्षय, सात्विक संगीत शाला के सभी छात्राएं एवं पंडित कृष्णकांत चौबे, श्रीमती बबीता चौबे, कमलेश प्रधान, शिवदयाल प्रधान, पंडित नंदराम तिवारी सभी ने बधाइयां दी।

बेलाताल से गाद निकालने का काम किया जायेगा, किसानों के लिये गाद लाभदायक है-कलेक्टर

# कल गंगा दशहरा पर राजनगर में होगा 108 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जल गंगा संवर्धन अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर 5 जून से 16 जून तक पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है और 16 जून को गंगा दशहरा, गंगा दशमी का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसके अंतर्गत पुरानी बावड़िया, पुराने जल स्त्रोतो के आस-पास सफाई, उनका गहरीकरण, उनका जीर्णोद्धार, इसके अलावा तालाब और नदियों की सफाई और स्ट्रक्चर्स का निर्माण, उसके आसपास गहरीकरण का कार्य, ताकि बारिश के समय इन स्त्रोतों में पर्याप्त पानी का भराव हो सके, जिससे वाटर लेवल बड़े और पानी की समस्या का निराकरण हो सके।

जिले के विकास के लिए आप सभी के साथ जिले गणमान्य नागरिको के साथ बैठक कर सभी के सुझाव लिये जायेंगे, जिससे कि उस पर काम आगे तेजी से किये जा सकें। इस आशय के विचार कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के तहत चल रहे अभियानों पर मीडिया से चर्चा करते हुये व्यक्त किये। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा मुख्य कार्यक्रम बेलाताल में होगा जिसमें दिन भर सफाई का काम चलेगा इसमें सांसद और विधायकगण जनप्रतिनिधि और शहर के गणमान्य लोग शिरकत करेंगे और शाम का कार्यक्रम राजनगर तालाब में होगा। राजनगर में जो फॉरेस्ट की भूमि पर उनके सहयोग से 108 पौधों का रोपण किया जाएगा। तालाब के किनारे पर भी कुछ पौधों का रोपण किया जाएगा और वहां पर साफ-सफाई और साथ में गंगा दशहरे के लिए गंगा आरती का कार्यक्रम वहां पर किया जाएगा। बेलाताल में पहले हमने चोई हटाने का काम किया था, इसके बाद हमने पानी निकालने का काम किया है, वहां से पानी निकल चुका है। अब हम उसकी गाद निकालने का काम शुरू कर रहे हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अभी भी जहां-जहां जल संवर्धन अभियान चल रहा है वहां वृक्षारोपण का कार्यक्रम छोटे पैमाने पर किया जा रहा हैं और जब पानी गिर जाएगा उसके बाद सभी स्कूलों में, सभी सरकारी संस्थानों में, हमारे पास इतनी सारी संस्थाएं हैं, लोगों से कहेंगे केवल एक पौधा लगाओ, एक पौधे को ट्री गार्ड के साथ लगाइए, बड़ा पौधा लगाइए और उसको सही तरीके से संरक्षित कीजिये। कलेक्टर बंगले में एक बहुत बड़ा हिस्सा खाली पड़ा हुआ है, उस जगह पर भी वृक्षारोपण का काम किया जायेगा, ताकि वहां पर फलदार पौधे लगे।

## स्कूल चलें हम अभियान 3 चरणों में

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत इस बार राज्य सरकार ने व्यवस्था बनाई है उसके अनुसार यह तीन दिवसीय कार्यक्रम रहेगा। पहले दिन 18 जून को शाला में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया जायेगा, जिसमें प्रत्येक शाला के अंतर्गत कार्यक्रम होगा, इसमें जन प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया गया है, सभी विद्यार्थी उपस्थित होंगे, पूर्व विद्यार्थी भी आएंगे और इसमें खास फोकस इस बात पर रहेगा कि जो अप्रवेशी बच्चे हैं, जो शालात्यागी बच्चे हैं, जो पन्नी बीनने वाले बच्चे हैं, उन बच्चों का स्कूलों में प्रवेश करायेंगे। 18 जून को ही कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी कराया जाएगा और उसी दिन एक विशेष भोजन बच्चों के लिए कराया जाएगा। यह तीन-चार कार्यक्रम 18 जून को होंगे, पहला जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति और विद्यार्थियों की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा, खासतौर से ऐसे विद्यार्थियों को जो शाला त्यागी है उन्हें प्रवेश दिलाएंगे, एक विशेष भोज का आयोजन होगा और निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण प्रतिनिधियों के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया जिले के सारे 1694 विद्यालयों के अंतर्गत कार्यक्रम किये जायें। दूसरा दिन 19 जून विद्यार्थियों के अभिभावकों को समर्पित है। इस दिन शिक्षकों और अभिभावकों की चर्चा जिसको पेरेंट्स टीचर मीटिंग कहते हैं, मनाई जाएगी। इसमें हम स्कूल की सभी गतिविधियों की जानकारी पेरेंट्स को देंगे कि साल भर कैसे-कैसे पढ़ाई होगी, जो नई व्यवस्था लागू की गई है उसके बारे में बताया जायेगा, कैसे साप्ताहिक टेस्ट लेंगे, कैसे मासिक टेस्ट लेंगे, कैसे पीटीएम होगी, कैसे कॉपी चेक होगी, सारी व्यवस्थाओं के बारे में अभिभावक को जानकारी दी जाएगी। एक पत्र सभी अभिभावकों को लिखा गया है उस पत्र का वितरण भी अभिभावकों को किया जाएगा, पाठ्य पुस्तकों का वितरण होगा, बच्चों को कैसे-कैसे स्टेशनरी लेनी है, उस सबकी जानकारी दी जाएगी, यह कार्यक्रम पूरी तरह से अभिभावकों पर केंद्रित है। उन्होंने बताया पहला दिन विद्यार्थियों को समर्पित दूसरा दिन विद्यार्थियों के अभिभावकों को समर्पित, तीसरा दिन एकदम विशेष कार्यक्रम है जिसका नाम है भविष्य से भेंट यह कार्यक्रम इस तरीके का होगा कि जिसमें जिले के जो प्रसिद्ध लोग हैं, प्रभावशाली लोग हैं, खिलाड़ी हैं, मीडिया के लोग हैं, अलग-अलग क्षेत्र में जो गणमान्य नागरिक है और जिन्होंने अच्छा काम किया है उन सभी को हम यह कह रहे हैं कि आप स्कूलों में जा करके, आपको एक ऑनलाइन वेबलिंक दी है, उसमें जाकर अपनी जानकारी भरिये, आप स्कूल का चयन करिए की आपको किस स्कूल में जाना है और स्कूल में जाकर शाला का चयन करिए और उन शाला के विद्यार्थियों के साथ आप अपने अनुभव बांटिये, अपनी सफलता की कहानी बताईये, उन विद्यार्थियों को मोटीवेट करिये जैसे भी आप कर सकते हैं।

### कॉलेज चले हम अभियान में रियेंटेशन प्रोगाम होंगे आयोजित

कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कॉलेज चले हम अभियान में सरकारी और निजी कॉलेज है उनमे अधिक से अधिक विद्यार्थियों के एडमिशन हो और इसके लिए हम उन विद्यार्थियों को लक्षित मान कर चल रहे हैं, जो विद्यार्थियों इस बार 12 वीं पास कर चुके हैं। इन सभी विद्यार्थियों के लिये अलग-अलग महाविद्यालयों में ओरिएंटेशन प्रोग्राम रखे गये हैं। 18 जून को कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में, 19 जून को शासकीय महाविद्यालय हटा में, 20 जून को शासकीय महाविद्यालय पथरिया में, 21 जून को शासकीय महाविद्यालय जबेरा में 24 जून को तेंदूखेड़ा में, 25 जून को बटियागढ़ में 26 जून को दमोह आदर्श महाविद्यालय में और 27 जून को दमोह के स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किये जायेंगे। इसमें स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से जितने भी विद्यार्थी 12वीं पास कर चुके हैं उनसे संपर्क किया जा रहा है और उनसे यह आग्रह किया जा रहा है कि आप इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम में जरूर आए। वहां पर जब विद्यार्थी आएंगे उनको कॉलेज की पूरी एडमिशन प्रक्रिया के बारे में बताया जाएगा, विद्यार्थियों को कॉलेज कैंपस का विजिट कराया जाएगा, कॉलेज में क्या-क्या सुविधा हैं वह बताई जायेंगी, सरकार की उच्च शिक्षा से संबंधित कौन-कौन सी योजना है उनकी जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य यही है कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों के कॉलेज में एडमिशन हो, जिसको कहा जाता है जी.ई.आर. क्रॉस इनरोलमेंट रेसियो यानी सकल पंजीयन अनुपात हमारे जिले का बड़े। इस उद्देश्य से यह एक कैंपियन हम चला रहे हैं और आगे भी इस कैंपियन को हम जुलाई तक चलाएंगे, जब तक यह एडमिशन जारी रहेंगे।

## दिनदहाड़े लूट करने वाला इनामी आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन, एएसपी संदीप मिश्रा एवं एसडीओपी पथरिया रघु केसरी के मार्गदर्शन में 6 माह पुरानी लूट के मामले में गठित की गई स्पेशल टीम द्वारा पथरिया थाना अंतर्गत पांच हजार रुपए के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। ज्ञात हो कि 2 दिसंबर 2023 को दिन दहाड़े दमोह पथरिया रोड पर मारा के राय वेयरहाउस के आगे बाइक सवार दो बदमाशों ने आबूखेड़ी निवासी शंकर लोधी की बाइक को ओवरटेक करके रोकने के बाद में मारपीट करके नगदी, मोबाईल व बैंक पासबुक आदि लूट लिए थे। जिस पर पथरिया थाने में अपराध धारा 394, 323, 324, 34 भा.द.वि. का कायम कर विवेचना में लिया गया था। अज्ञात आरोपी की तलाश करने पर आरोपी अमन रजक से घटना के संबंध में पूछंताछ की गयी जिसने विक्रम ठाकुर नि. मढदेवरा के साथ घटना करना स्वीकार किया। आरोपी अमन रजक पिता हरलाल रजक उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम सुजारा थाना बक्सवाहा जिला छतरपुर को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण सदर में लूटा गया मोबाईल फोन जप्तकर किया गया। आरोपी अमन रजक को मान. न्यायालय पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा सराहनीय कार्य करने वाली टीम को 5 हजार रूपये देने की घोषणा की गयी। इस पूरी कार्यवाही में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी / कर्मचारी – निरी सुधीर कुमार बैगी, उनि संतोष सिंह ठाकुर, प्रआर अरूण मिश्रा, प्रआर भगत सिंह, प्रआर आरक्षक सौरभ टण्डन, प्रआर राकेश आठ्या आर. शैलेन्द्र शुक्ला, एवं आरक्षक मोहन साहू विशेष का योगदान रहा।

## विश्व की रक्षा एवं जगत के हित के लिए के लिए परमात्मा ने अवतार

**बनवार।** बनवार में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण कथा में पांचवे दिन श्रीकृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा वाचक रामेश पांण्डेय ने कहा कि सदा सुख केवल भगवान के चरणों में है। भगवान के सम्मुख और उनके शरणागत होने को ही भागवत कथा है।



भागवत कथा से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है। इसलिए व्यस्त जीवन से समय निकालकर कथा को आवश्यक महत्व देना चाहिए। भागवत कथा से बडा कोई सत्य नहीं है। भागवत कथा अमृत है इसके श्रवण करने से मनुष्य अमर हो जाता है। यह एक ऐसी औषधि है जिससे जन्म-मरण का रोग मिट जाता है। भागवत कथा को पांचवां वेद कहा गया है जिसे पढ सकते हैं और सुन सकते हैं। कृष्ण हिन्दू धर्म में विष्णु के अवतार हैं। सनातन धर्म के अनुसार भगवान विष्णु सर्वपापहारी पवित्र और समस्त मनुष्यों को भोग तथा मोक्ष प्रदान करने वाले प्रमुख देवता हैं। जब-जब इस पृथ्वी पर असुर एवं राक्षसों के पापों का आतंक व्याप्त होता है तब-तब भगवान विष्णु किसी किसी रूप में अवतरित होकर पृथ्वी के भार को कम करते हैं। वैसे तो भगवान विष्णु ने अभी तक तेईस अवतारों को धारण किया। इन अवतारों में उनके सबसे महत्वपूर्ण अवतार श्रीराम और श्रीकृष्ण के ही माने जाते हैं। श्री कृष्ण का जन्म क्षत्रिय कुल में राजा यदु कुल के वंश में हुआ था। भागवत भूषण ने कृष्ण के जीवन गाथा का विस्तार पूर्वक विवरण कर संगतों को कृष्ण बताया साथी क्षेत्र के लोग सम्मिलित है।

## मारूताल चौराहे के पास हुई लूट के आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** देहात थाना की जबलपुर नाका चौकी क्षेत्र में गंगा जमना धरमकांटा चौराहा के पास हुई लूट के आरोपियो को गिरफ्तार करने व मशरूका बरामद करने में मिली बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मारुताल चौराहे के पास अज्ञात आरोपियो द्वारा आवेदक सलमान पिता अब्दुल वाहिद खान, उम्र 24 साल निवासी कन्हैया नगर थाना राजपुर जिला कानपुर देहात के साथ लूट की गई थी। जिसकी आवेदक द्वारा शिकायत पुलिस सहायता केन्द्र जबलपुर नाका में लेख कराई गई थी। प्राप्त शिकायत पर श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक दमोह ने संज्ञान लेकर त्वरित कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी दमोह देहात को निर्देशित किया। निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी दमोह देहात एवं थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में 02 टीमें गठित कर अज्ञात आरोपियों की तलाश प्रांरभ की गई। टीमों के अथक प्रयास, सायबर सेल की सहायता एवं मुखबिरों की सटीक सूचना पर निम्न 04 संदेहियों से सख्ती से पूछताछ की गई। जिसमें संदेहियों ने अपने द्वारा अपराध कारित करना स्वीकार किया एवं इनके पास से कुल नगदी 8500/- रूपये, दो एंड्रायड मोबाईल, अपराध में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल एवं 01 स्कूटी बरामद की गई। जिस पर से आरोपियों के विरूद्ध थाना दमोह देहात में अपराध क्रमांक 459/24 धारा 394 ताहि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा उक्त चारों आरोपियो को विधिवत गिरफ्तार कर विधि का पालन करते हुए माननीय न्यायालय दमोह के समक्ष पेश किया गया। आरोपियों में कासिम पिता फिरोज खान, निक्की उर्फ रिक्की पिता कालूराम अहिरवार, यश उर्फ निहाल पिता राजू अहिरवार उम्र 19 साल निवासी वार्ड नं. 05 चैनपुरा दमोह , नाविद पिता रहीम खान उम्र 18 साल निवासी वार्ड नं. 01 गढी मुहल्ला को गिरफ्तार किया गया है।

## वन परिक्षेत्रों में कोई वैध खदान नहीं, लेकिन ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों में खप रहा अवैध पत्थर

**तेन्दूखेड़ा।** ब्लाक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में सरकारी मद से कराए जा रहे निर्माण कार्यों में अवैध रूप से पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है जिससे सरकार को हर माह लाखो का नुकसान हो रहा है लेकिन जिम्मेदार इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। गौरतलब है कि तेन्दूखेड़ा उप वनमंडल के अंतर्गत चार रेंज आते हैं। जहां वन विभाग की भूमि से लगी हुई है। इन क्षेत्रों में वन माफिया और ठेकेदार क्षेत्र के बीट गार्डों और वन परिक्षेत्र अधिकारियों से मिलकर अवैध खनन कर रहे हैं। वन विभाग द्वारा खनन माफिया के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होने से बैखोफ होकर जंगल के पत्थर का खनन किया जा रहा है। वन विभाग की उदासीनता के चलते खनन माफिया के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे अवैध खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं दमोह जिले के उप वनमंडल तेन्दूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले तेन्दूखेड़ा तारादेही तेजगढ़ और झलोन वन परिक्षेत्रों में विभिन्न जगहों से निकाले जा रहे हैं। पत्थर को खनन माफिया और ठेकेदारों द्वारा क्षेत्र के मजदूरों से एकत्रित कर ट्रैक्टर ट्राली से



ग्राम पंचायतों में बन रही खकरी बाउंड्री पुलिया स्टापडेम सड़क आदि में खपाया जा रहा है। वहीं प्रकृति को हरा भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए सरकार पौधरोपण के अलावा जंगलों की सुरक्षा एवं उनके संरक्षण पर प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है लेकिन वन विभाग के अधिकारी अपने लाभ के लिए खनन माफिया और ठेकेदारों से अवैध खनन कराने पर आमादा है। इस समय ग्राम पंचायत तेन्दूखेड़ा उप वनमंडल के चारों रेंज की सीमा क्षेत्र से लगी हुई ग्राम पंचायतों में सरपंच सचिव द्वारा खकरी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतों में वन भूमि से पत्थर निकालकर एवं जंगलों में लगी पुरानी खकरी उठाकर ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों में खपाया जा रहा है तेन्दूखेड़ा ब्लाक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में करोड़ों के निर्माण कार्य किए गए हैं जिनमें ग्राम पंचायतों में वन भूमि का करोड़ों रुपए का अवैध पत्थर लगाया गया है।

## पुलिस ने जुआ फड़ पर की कार्यवाही

**दमोह।** मुखबिर की सूचना पर हटा पुलिस के द्वारा अग्रवाल पेट्रोल पंप के पीछे चंडीजी वार्ड हटा में दबिश देकर जुए पर कार्रवाई की गई। कार्यवाही में संजय चक्रवर्ती ,योगेश सैनी, राजेंद्र बर्मन, मुकेश साहू ,धनीराम रैकवार सभी निवासी हटा ताश पत्ती पर हार जीत का दाव लगाते हुए पाए गए। उपरोक्त व्यक्तियों के पास से ताश के पत्ते सहित कुल 11,500/- रुपए जब्त किए गए ।आरोपियों के विरूद्ध थाना हटा में अपराध क्रमांक 288 /24 जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

कुम्हारी, हिनौती में भी किया श्रमदान, पौधारोपण कर कहाः भविष्य में इसे पार्क के रूप में विकसित करेंगे

# प्राचीन बिहर के गहरीकरण कार्य में कलेक्टर ने निभाई सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले की प्राचीन और ऐतिहासिक बावड़ियों, कुओं, तालाबों एवं नदियों को साफ-स्वच्छ करने एवं उनके आस-पास के परिसर को साफ करने एवं पौधारोपण करने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में आज कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर तहसील पटेरा की ग्राम पंचायत बर्रट के ग्राम सागोनी उपाध्याय पहुंचे। जहां उन्होंने पंचायत के ग्रामीण और समाजसेवी युवकों के साथ ग्राम के मंदिर दरबार रामगढ़ में बनी प्राचीन बिहर (कुआ) के गहरीकरण कार्य में श्रमदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कोचर ने वृक्षारोपण कर उपस्थित जनों को जल है तो कल है के संबंध में प्रेरित करते हुए कहा कि इस तरीके के श्रमदान कार्यक्रम अभियान नित्य होते रहना



चाहिए। इस दौरान सरपंच मुरारी प्यासी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भूरे सिंह रावत, सहायक यंत्री आयुषी नामदेव, राहुल पटैल, मनरेगा विभाग से अभिलाष तिवारी, सीईओ शैलेन्द्र अहिरवार, प्यारविंद सिंह राजपूत, संजय अहिरवार, प्रमोद प्यासी, धनीराम पटेल, नवाब सिंह राजपूत, अखिलेश पटेल सहित समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष महेंद्र यादव अन्य महिलाओं एवं पुरुषों ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभाई।

जनपद सीईओ भूर सिंह रावत ने जानकारी देते हुये बताया कि प्राचीन



बिहर (कुआ) के गहरीकरण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा कराया जा रहा है जिसमें शासन द्वारा दो लाख रूपये की राशि स्वीकृति की गई है। कलेक्टर श्री कोचर ने प्राचीन धरोहर को सरंक्षित करने के लिये ग्रामवासियों की सराहना की। उन्होने ग्रामवासियों से चर्चा की। कलेक्टर श्री कोचर ने मंदिर के समीप वृक्षारोपण किया जिसे भविष्य में पार्क के रूप में विकसित किया जायेगा। इसके साथ ही ग्राम कुम्हारी हिनौती में 9 लाख से अधिक की राशि गहरीकरण के लिये दी गई है।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने विकासखंड पटेरा के ग्राम कुम्हारी पहुंचकर बीच गांव में स्थित निस्तारी तलैया में गहरीकरण के कार्य में संस्था केशव मिलन समग्र कल्याण समिति एवं पंचायत के युवकों के साथ सहभागिता निभाई। उन्होंने उपस्थित जनों को आगे भी इस प्रकार के कार्य जारी रखने के लिये प्रेरित भी किया।

### हिनौती में किया श्रमदान

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर विकासखंड पटेरा के ग्राम हिनौती में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम की निस्तारी तलैया में गहरीकरण और श्रमदान कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल स्त्रोतों एवं ग्राम की जल संरचना संरक्षण करना जिससे वर्षा जल संग्रहण होगा जिससे जल स्तर बढ़ेगा और गांव में इस का लाभ होगा। जिला कलेक्टर के निर्देशन में इस अभियान को निरंतर चलाया जा रहा हैं। इस अवसर सरपंच सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### दिव्यांगजनों की विशेष जनसुनवाई होगी

**दमोह।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जन सुनवाई में अब प्रत्येक सप्ताह जन-सुनवाई के साथ ही एक-एक नये विषय को जनसुनवाई में लिया जायेगा। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया इस सप्ताह 18 जून को दिव्यांग जनो की स्पेशल जन-सुनवाई होगी। उन्होंने बताया आमजनो की जन-सुनवाई तो होगी ही साथ ही दिव्यांगजन अपनी समस्याए कोई हो तो वे लेकर आ सकते है, उनकी विशेष जन-सुनवाई होगी।

**नाम संशोधन सूचना**

शपथकर्ता रवीता मुण्डा उम्र 28 वर्ष पति भागचन्द मुण्डा निवासी शिवाजी विद्यालय के पास 405 इन्द्रा कालोनी दमोह तह. व जिला दमोह ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड, राशन कार्ड, समग्र आईडी, अंक सूची में नाम अमता मुण्डा पिता भागचन्द्र मुण्डा दर्ज है। लेकिन मुख्य डाक घर दमोह में मेरी पुत्री का बचत खाता नं. 4756018845 तुलसी मुण्डा के नाम से खुला हुआ है। यह कि अमता मुण्डा एवं तुलसी मुण्डा दोनो एक ही व्यक्ति के नाम है। अत: उक्त खाता में नाम सुधार कर पुत्री का नाम अमता मुण्डा के नाम से खाता संचालित करना चाहती है ताकि लेन-देन में परेशानी न हो सके।

शपथकर्ता - रवीता मुण्डा